## खबर संक्षेप

### व्यय प्रेक्षक ने किया निरीक्षण, देखे दस्तावेज



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन के लिए सतना संसदीय क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक (आईआरएस 2014 बैच के अधिकारी) स्पेंसर एम मिल्लियम ने गुरुवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित मीडिया प्रकोष्ठ, एमसीएमसी, सी-विजिल ,डीसीसी, 1950, शिकायत प्रकोष्ठ और व्यय लेखा टीम प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल जी वानखेडे,शिकायत प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर गोविन्द सोनी,एमसीएमसी मीडिया प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी राजेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### अवैध शराब बिक्री करने के आदतन अपराधी से भारी मात्रा में शराब बरामद

**सतना।** सभापुर कोतवाली पुलिस ने शराब बिक्री करने के आदतन अपराधी से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। यह जानकारी गुरुवार को पुलिस की जारी विज्ञप्ति में दी गई।आरोपी का नाम अनिल उर्फ पिंकी उर्फ मुस्तफा बताया गया है। पुलिस सूत्रों को मुताबिक मुखविरों से मिली सूचना के आधार पर आरोपी को घेराबंदी करके गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से दो प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरी में प्रत्येक बोरी में 3-3कार्टून छिपाई गई कुल 6 कार्टून खाकी कलर की मिली जिनमें प्रत्येक कार्टून में 50 नग 180 एमएल जिसमे अंग्रेजी गोवा विस्की शराब कुल 300 पाव शीशी कीमती 32,100 जप्त की गई है।

### नरवाई जलाने पर होगी कार्यवाही

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनुराग वर्मा ने गेहूं फसल की कटाई के बाद नरवाई (फसल अवशेषों) जलाने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार यदि किसी भी व्यक्ति या कृषक द्वारा नरवाई जलाने की सूचना संज्ञान में आती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। आदेश में बताया गया है कि पर्यावरण विभाग द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा के लिये नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश के क्रम में एयर एक्ट 1981 (प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ पॉल्युशन) के तहत फसल कटाई के बाद फसल अवशेष जलाने को प्रतिबंधित किया गया है।

### अवकाश के दिनों में भी जोन कार्यालय एवं मुख्यालय खुले रहेंगे

**सतना।** नगर पालिक निगम द्वारा सभी करदाताओं को सूचित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन में मात्र 3 दिवस शेष है। करदाता सुगमता पूर्वक अपने करो का भुगतान कर सके जिसके लिए आयुक्त के आदेशानुसार दिनांक 29 से 31 मार्च तक अवकाश दिनों में भी सभी जोन कार्यालय एवं निगम मुख्यालय में वसूली कार्य सुचारु रुप से संचालित रहेगा। जनसंपर्क अधिकारी ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि करदाताओं से अनुरोध है वित्तीय वर्ष समापन के पूर्व अपने करों का भुगतान कर 15 प्रतिशत अधिभार से बचें।

## रेलवे के टिकट घर में चिल्लर की किल्लत, 10 रुपए के लिए 500 का नोट जमा कराया

**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे के सतना रेलवे जंक्शन में अधिकारियों की अनदेखी के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि टिकट घर में चिल्लर की भारी किल्लत है जिसकी वजह से लोगों की ट्रेन भी छूट रही है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि 10 रुपए के लिए टिकट घर में मौजूद कर्मचारियों द्वारा लोगों के 500 रुपए जमा करा लिए जाते हैं। गुरुवार को कुछ ऐसा ही घटनाक्रम सुबह रीवा से चलकर जबलपुर की ओर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के आने के पहले घटित हुआ। बताया जाता है कि यात्री द्वारा इंटरसिटी की सतना से जबलपुर के लिए चार टिकट लेने के लिए जब 500 का नोट दिया गया तो ड्यूटी पर तैनात एक महिला कर्मचारी ने टिकट देना तो दूर 500 जमा करा लिए और यात्री से 10 रुपए चिल्लर लाने के लिए कहा गया। जिस वक्त महिला कर्मचारी ने इस तरह का व्यवहार किया उस वक्त यहां पर जबरदस्त भीड़ थी जब 10 रुपए चिल्लर ढूंढ कर यात्री ने महिला कर्मचारी को दिया तब जाकर उसे टिकट मिल सका।



महत्वपूर्ण बात तो यह है कि चिल्लर को लेकर कई लोग लाइन पर खड़े थे लेकिन महिला कर्मचारियों ने उक्त यात्री को इंतजार करने के लिए नहीं कहा बल्कि चिल्लर ढूंढ कर लाने के लिए कहा।

### बातचीत का तरीका भी ठीक नहीं

यात्री ने बताया कि महिला कर्मचारी ने चिल्लर लाने के लिए जिस अंदाज में कहा और जिस तरीके से उसके द्वारा एक यात्री से बातचीत की गई वह सकारात्मक नहीं रहा। बताया जाता है कि इस तरह की स्थिति यहां पर प्रतिदिन निर्मित होती है लेकिन अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण एक ओर जहां व्यवस्था बिगड़ रही है वहीं दूसरी ओर कर्मचारी भी बे लगाम होते जा रहे हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि कुछ कर्मचारी चाहते हैं कि उनका सतना से तबादला कर दिया जाए और वह जहां से आए हैं वहां चले जाएं इसीलिए इस तरह का व्यवहार यात्रियों से करते हैं। उनका सोचना है कि कोई ना कोई शिकायत करेगा तो उनका तबादला कर दिया जाएगा।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये नामांकन दाखिल करने का शुरु हुआ सिलसिला

**पहले दिन कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ**



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में संपन्न होने वाले संसदीय क्षेत्र सतना के लिये निर्वाचन की अधिसूचना गुरुवार 28 मार्च को जारी हुई।अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है।नाम-निर्देशन दाखिल करने के पहले दिन कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। लोकसभा निर्वाचन 2024 में नाम निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट परिसर के कलेक्टर न्यायालय कक्ष क्रमांक एफ-2 में रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा अनुराग वर्मा के समक्ष प्रातः11 बजे से अपरान्ह 3बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र 4 अप्रैल तक सार्वजनिक अवकाश के दिन 29 मार्च,31 मार्च और 1 अप्रैल को छोड़कर प्रस्तुत किए जा सकते हैं। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को की जाएगी। जबकि नाम निर्देशन पत्रों की वापसी 8 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक हो सकेगी। इसी दिन अपराह्न 3 बजे के उपरांत शेष बचे अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्हों का आवंटन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान 26 अप्रैल को होगा तथा मतगणना 4 जून को संपन्न होगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी से निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर नाम निर्देशन पत्र तथा दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र प्रारूप-2 ख तथा प्रारूप-26 में शपथ पत्र देना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी के नाम निर्देशन पत्र जमा करने के दौरान अधिकतम तीन वाहनों को कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर आने की अनुमति होगी। नामांकन के समय कलेक्टर न्यायालय में रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम पांच व्यक्ति को प्रवेश करने की अनुमति है। कलेक्टर ने बताया कि प्रवेश द्वार पर प्रवेश के वास्तविक समय को रिकॉर्ड करने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। नाम निर्देशन के समय जन समूह एवं वाहनों की संख्या पर नियंत्रण और कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।इसके साथ ही कार्यालय परिसर के प्रवेशद्वारों में सुरक्षा बलों की भी तैनाती सुनिश्चित की गई है।

### इन दिनों में नहीं लिये जायेंगे नामांकन

लोकसभा निर्वाचन 2024 में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार मध्यप्रदेश में निर्वाचन के दूसरे चरण में 28 मार्च से 4 अप्रैल 2024 तक नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 मार्च (गुड फ्राइडे),31 मार्च (रविवार) और 1अप्रैल 2024 को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 के तहत सार्वजनिक अवकाश होने से नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं किये जायेंगे। नाम-निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल की अपरान्ह 3 बजे के पूर्व तक होगी।



### ये नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

भारत निर्वाचन आयोग ने सतना और मैहर जिले के 5 अभ्यर्थियों को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिये अयोग्य (निर्रह) घोषित किया है। यह सभी व्यक्ति लोकसभा निर्वाचन 2024 का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इनमें मैहर विधानसभा क्षेत्र के शिवम पांडेय उर्फ शिब्बू मंगलभवन के पास मैहर,विधानसभा क्षेत्र सतना के रामोराम गुप्ता केशरी भवन सबेरा के सामने रीवा रोड सतना,राजेंद्र कुमार वर्मा मुख्त्यारगंज सतना,श्यामा अहिरवार उर्फ श्यामलाल साकेत बस स्टैंड के पास सतना और शशांक सिंह सोनौरा,बेलहटा सतना के नाम शामिल हैं।

### पंजीकृत गैर-मान्यता दलों को चुनाव चिन्ह आवंटित

भारत निर्वाचन आयोग ने मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनैतिक दलों के अलावा पंजीकृत गैर-मान्यता दलों को भी चुनाव चिन्ह आवंटित (आरक्षित) किये हैं। इनमें मध्यप्रदेश राज्य के लिये समाज विकास क्रांति पार्टी को गन्ना किसान,जनसमूह पार्टी को बकेट,राष्ट्रीय मानव पार्टी को नागरिक गैस सिलेण्डर,इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी को बैलून,राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी को ब्रिक्स,आदर्श न्याय रक्षक पार्टी को स्टूल,वोटर इंडिपेंडेंस पार्टी को लिफाफा,मिशन इंडिपेंडेंस जस्टिस पार्टी को व्हिसल,किसान क्रांति दल को भोजन युक्त प्लेट और आपका गणतंत्र पार्टी को सिलाई मशीन आवंटित किया गया है।

## 6 आदतन अपराधियों के विरुद्ध की गई जिला बदर और बाउण्ड ओव्हर की कार्रवाई

**सतना।** सतना जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने जिले के 3 आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर और 3 अपराधियों के विरुद्ध संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना नागौद अंतर्गत गंगवरिया निवासी अरुण कुमार उर्फ लालबाबू लोधी पिता दादूलाल लोधी उम्र 24 वर्ष,थाना कोलगवां सतना अंतर्गत बारीखुर्द निवासी लक्ष्मीदीन उर्फ गुन्नी उर्फ मुन्नी चौधरी पिता रामलाल चौधरी उम्र 40वर्ष एवं कबाड़ी टोला कृष्णनगर निवासी विज्जू बृजेश उर्फ बृजेंद्र तिवारी पिता बृजनंदन तिवारी उम्र 36 वर्ष के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर कर संबंधित थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है।आदेश में सभी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आरोपियों को एक वर्ष तक माह के प्रथम सोमवार को अपनी उपस्थिति थाने में दर्ज कराने के लिए कहा गया है। इसी प्रकार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनुराग वर्मा ने म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत थाना कोलगवां सतना अंतर्गत चाणक्यपुरी कॉलोनी निवासी आनंइ उर्फ शशांक पांडेय पिता देवेंद्र पांडेय उम्र 25 वर्ष,भरहुत नगर निवासी धीरु तोमर उर्फ विनय सिंह पिता सत्यनारायण सिंह उम्र 34 वर्ष तथा थाना सिटी कोतवाली सतना अंतर्गत लवी उर्फ उमंग सिंह पिता महेंद्र सिंह उम्र 35 वर्ष को एक वर्ष की अवधि के लिये जिले की सीमा और जिले से लगने वाले चतुर्दिक जिलों की सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया है।

## नालियों की सफाई न होने से बजबजा रही नालियों की सडांध से जीना हुआ दुश्वार



**मैहर।** मैहर नगर पालिका के हर वार्ड में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है मगर चुने हुए जनप्रतिनिधि अपनी जवाबदारी से भाग रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 14 में वार्ड पार्षद मंजू गुप्ता एवं सफाई कर्मियों की निष्क्रियता के कारण नालियों में भरा गंदा पानी स्थिर होने से संड़ाध मार रहा है। इसी तरह जगह जगह टूटी नालियों से गंदा पानी निकल कर पूरी गलियों में भर जाता है जिससे निकलना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह नालियों में पल रहे लार्वा एवं मच्छरों के कारण रात में घरों के अंदर सोना मुश्किल हो जाता है। नगर पालिका के द्वारा मच्छर मारने वाली दवाईयां भी नहीं डाली जाती है। वार्डवासियों के द्वारा बताया जा रहा है कि पहले जो पार्षद थे उनके द्वारा भी वार्ड की सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया जाता था जिसको लेकर इस बार श्रीमती मंजू गुप्ता को पार्षद चुना गया कि वार्ड के लोगों की समस्याएं कम होगी किंतु कहते है कि आसमान से गिरे खजूर में अटके वाली कहावत हो गई है। वार्ड वासियों के द्वारा कहा जा रहा है कि वार्ड की समस्या को लेकर उनके पास जाते है मगर कोई कार्यवाही नही की जाती है।

## प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के द्वारा मनाया गया होली मिलन समारोह



**सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन होटल शान एतिजे जबलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिवनी,जबलपुर,कटनी,बरही,डिंडोरी एवं मंडला जिले के डीलरों ने सक्रिय रुप से भागीदारी निभायी। कार्यक्रम में डीलरों को संबोधित करते हुए जोनल मैनेजर हितेन्द्र मिश्रा ने कंपनी के व्यावसायिक नीतियों के ऊपर प्रकाश डालते हुए डीलर बन्धुओं के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की तथा बताया कि प्रिज़्म सीमेंट के प्रति जो स्नेह व सम्मान डीलर बन्धुओं का मिल रहा है वह सराहनीय है। कार्यक्रम में रीजनल मैनेजर सुधीर उपाध्याय ने भी कंपनी की नीतियों एवं पारदर्शिता के ऊपर प्रकाश डाला व बताया कि आज डीलर व सहविक्रेता बन्धुओं के सहयोग से ही प्रिज़्म सीमेंट एक गुणवत्ता युक्त ब्रांड के रुप में स्थापित है। जबलपुर क्षेत्र के डीलर बन्धुओं ने प्रिज़्म सीमेंट को नई ऊचांईयों पर पहुंचाया है। आज के दिन में प्रिज़्म चैम्पियन आल वेदर सीमेंट एवं प्रिज़्म चैम्पियन डयूराटेक सीमेंट एक ब्रांड के रुप में स्थापित हो चुके हैं। कार्यक्रम में सभी जिलों के सेल्स अधिकारी,सेल्स प्रमोटर एवं सी एण्ड एफ भानु जैन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन उमेश गुप्ता एवं गौरव शर्मा (ब्रांच मैनेजर) ने संयुक्त रुप से किया। उपरोक्त जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## श्रद्धा ने मैहर जिले का नाम किया रोशन

### आईटी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ऑल इंडिया में 436 वी रैंक



**मैहर।** ग्राम पंचायत करौंदी उपाध्याय के गांव की बेटी श्रद्धा त्रिपाठी पुत्री जय प्रकाश त्रिपाठी ने जैम आई आईटी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ऑल इंडिया में 436 वी रैंक हासिल कर विध्य क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्रद्धा त्रिपाठी गांव में रहकर विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए उक्त परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। श्रद्धा त्रिपाठी मैहर सिविल कोर्ट के एडवोकेट विजय नारायण त्रिपाठी की भतीजी है।श्रद्धा त्रिपाठी के इस उपलब्धि पर अधिवक्ता संघ मैहर के अध्यक्ष दिलीप त्रिपाठी,वरिष्ठ अधिवक्ता गोविद मिश्रा,बी के गौतम,राजेश गौतम,यश एन तिवारी,राजीव शुक्ला,अनिल तिवारी,देवेंद्र त्रिपाठी,प्रदीप तिवारी,महेंद्र तिवारी अधिवक्ता एवं वरिष्ठ समाजसेवी विष्णुनाथ पांडे ने प्रसन्नता व्यकत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## होली मिलन समारोह में खेली फूल की होली



**मैहर।** भाजपा का आरपी पैलेस हाउसिंग बोर्ड में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह में ग्रामीणों की टोली के द्वारा होली फाग का संगीतमय रंगारंग राई होली गीत की प्रस्तुति हुई जिसमे सभी लोग होली में रंगमय हो गए। भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने ने भी फाग गाकर सभी भाजपा पार्टी के लोगों को शुभकामनाएं प्रदान की।सभी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता होली मिलन के इस समारोह में रंगमय हो गया। इस होली मिलन समारोह में प्रमुख रूप से मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,फूल सिंह टेकाम,उमेश प्रताप सिह लाला, पंकज सिंह परिहार,नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी,नगर पालिका उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार, अमित राय, कुलदीप तिवारी, राकेश गुप्ता,विश्व नाथ सिंह तिवारी, महेश दरियानी, संजय पांडेय,रामकृपाल पटेल,दीपक जग्गी, जीतेन्द्र पांडेय,गुलाब सिंह सरना,गीता सोनी,रेखा दुबे, मोनिका दहिया, रीता आहूजा, संगीता अग्रवाल, उत्तम पटेल,इंद्रपाल पटेल,रवि नंदन मिश्रा,सुजीत शिवहरे आदि के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता,जिला एवं मण्डल के सभी पदाधिकारी,शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक,बूथ के अध्यक्ष महामंत्री बी एल ए 2,मोर्चों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र की आवाज हूं मैं, मतदान के लिए तैयार हूं मैं

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित सामतपुर तिराहा से रेलवे स्टेशन तक मतदाता जागरूकता तथा शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा जनता में विश्वास कायम रखने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में शहडोल संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद एवं शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय सहित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी तथा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान सामतपुर तिराहा, आदर्श मार्ग तथा रेलवे स्टेशन में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई। शहडोल संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद ने कहा कि प्रशासन और पुलिस बल कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैदी के साथ खड़ा है। शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के शत-प्रतिशत मतदाता मतदान तिथि 19 अप्रैल को अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक जिम्मेदार नागरिक बनें तथा अपने परिजन व आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। मतदाता बिना किसी डर के शत-प्रतिशत मतदान करें। जनता की जान, माल की सुरक्षा के लिए पुलिस, प्रशासन तैनात है। लोकतंत्र की जड़ें मतदाताओं की वजह से ही मजबूत हैं। आज हम फक्र से कह सकते हैं कि हमारा लोकतंत्र विश्व में अग्रणी है। हर वोटर निर्णायक है। उन्होंने मतदाता जागरूकता स्लोगन लोकतंत्र की आवाज हूं मैं, मतदान के लिए तैयार हूं मैं, हमारा लोकतंत्र महान, आओ करें मतदान, लोकतंत्र का हूं मैं नायक, मेरा वोट बने निर्णायक के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित किया।कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो, इसके लिए सभी मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग दृढ़ संकल्प के साथ सुनिश्चित करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार ने कहा कि सभी मतदाता स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक होकर मतदान तिथि 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करें। ताकि हमारे लोकतंत्र की मजबूती कायम रहे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा कि सभी मतदाता निर्भीक होकर भय, पक्षपात व प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपना मतदान 19 अप्रैल को करें। उन्होंने निर्वाचन के संबंध में बनाए गए सी-विजिल एप के संबंध में जानकारी देते हुए अपील की कि निर्वाचन से संबंधित शिकायतें सी-विजिल एप में करें, जिसका निराकरण 100 मिनट के अन्दर सुनिश्चित होता है। उन्होंने मतदाताओं से मतदान कर जिले को गौरवान्वित करने की अपील की। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के सदैव तत्पर का संदेश तथा जिम्मेदार मतदाता के लिए जनसमुदाय से शत-प्रतिशत मतदान की प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया।



## शिकार के लिए लगाए करंट की चपेट में आया युवक

**अनूपपुर।** अमरकंटक के दमगढ़ बीट के फर्रीसेमर के जंगल में मंगलवार की रात जंगली जानवरों के शिकार के लिए शिकारियों ने जीआईतार से करंट फैलाया था। जिसके चपेट में आने से गांव का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार बाद जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में युवक का इलाज जारी है। घटना की सूचना के बाद अमरकंटक वन विभाग द्वारा जंगल में अनाधिकृत रूप से जीआई तार से करंट फैला कर शिकार करने के प्रयास करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से शिकारियों को जेल भेजा दिया गया। वहीं मामले में तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। ज्ञात हो कि पकड़े गए आरोपी को पूर्व में एसटीएफ ने तेंदुआ की खाल के साथ गिरफ्तार किया था। वन विभाग की जबलपुर स्थित एसटीएफ टीम द्वारा विगत तीन-चार सालों के मध्य डिंडौरी जिले में मुखबिरों की सूचना पर वन्यप्राणी तेंदुआ के साथ अन्य वन्य प्राणियों की खाल एवं सामग्री जब्त की है। जिसमें वन परिक्षेत्र अमरकंटक,राजेंद्रग्राम एवं अहिरगवा के अनेकों आरोपी गिरफ्तार किए गए। वन परिक्षेत्र अमरकंटक के दमगढ़ एवं इससे लगे अन्य वन बीटो के ऐसे ग्रामीण जो आदतन शिकार के आदी है उन्हें भी पकड़ा गया। इसके बाद भी वन विभाग का अमला अवैध शिकार को रोकने में पूरी तरह नाकाम नजर आ रहा है। जिसके कारण ही शिकारियों के हौसले बढ़े हुए हैं।

**खबर संक्षेप**

### उम्मीदवार को देना होगा नये बैंक खाते का विवरण

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों को नया बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य होगा। नये बैंक खाते से ही लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक उम्मीदवार निर्वाचन व्यय कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रत्येक उम्मीदवार के लिए अधिकतम 95 लाख रुपए की व्यय सीमा निर्धारित की गई है। मौजूदा या पूर्व के बैंक खातों के जरिए निर्वाचन व्यय की अनुमति नहीं दी जाएगी। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के कम से कम एक दिन पूर्व यह नया खाता खोलना आवश्यक है। इस खाते से पूर्व में किसी भी तरह का ट्रांजेक्शन नहीं होना चाहिए। प्रत्याशियों को रोजाना के खर्च निर्वाचन व्यय लेखा पुस्तिका में दर्ज करना अनिवार्य है। सभी खर्च नये बैंक खाते से किए जाएंगे। नामांकन के समय अभ्यर्थी द्वारा नये बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत करना होगा। यह बैंक खाता प्रदेश में किसी भी स्थान एवं किसी भी बैंक या डाकघर में खोला जा सकता है।

### अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे शासकीय कार्यालय

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम 2024 की घोषणा के फलस्वरुप जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। निर्वाचन की प्रक्रिया और चुनाव संबंधी आदेशों एवं जानकारियों के आदान-प्रदान के लिये पन्ना जिले के समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम के कार्यालय सार्वजनिक अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने आदेश जारी करते हुये समस्त कार्यालय प्रमुखों को अवकाश के दिनों में कार्यालय संचालन के लिये कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये हैं।

### उम्मीदवार को देना होगा आपराधिक रिकार्ड का विवरण

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रमानुसार लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के लिए चुनाव की अधिसूचना 28 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने प्रक्रिया आरंभ होगी। आयोग के निर्देशानुसार नामांकन पत्र के साथ प्रत्येक उम्मीदवार को आपराधिक रिकार्ड का विवरण भी देना होगा। सभी उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करते समय निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को निर्धारित प्रपत्र 26 में आपराधिक प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र देना होगा। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार उम्मीदवार को अपने पूर्व के प्रचलित आपराधिक प्रकरण एवं दोषसिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा पत्र देना होगा। उम्मीदवार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में सभी विवरण दर्ज करके नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार किसी राजनैतिक दल कि ओर से चुनाव लड़ रहा है तो उसे आपराधिक प्रकरण के संबंध में उस राजनैतिक दल को भी सूचना देनी होगी। राजनैतिक दल उम्मीदवार के लंबित आपराधिक प्रकरण कि जानकारी दल की वेबसाइट पर दिखाएंगे। साथ ही राजनैतिक दल इस संबंध में एक घोषणा जारी करेंगे जिसे समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रसारित प्रकाशित करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र भरने के बाद कम से कम तीन बार लंबित आपराधिक प्रकरण के संबंध में घोषणा स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीव्ही चौनलों में प्रसारित करना अनिवार्य होगा। इनका प्रसारण नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने से मतदान के 48 घण्टे पहले तक कि अवधि में किया जाना है। आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देने के लिए आयोग द्वारा प्रपत्र सी-1 निर्धारित किया गया है, जिसे संचार माध्यमों में प्रकाशित एवं प्रसारित किया जायेगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी-2 में अपने राजनैतिक दल को लंबित प्रकरणो की जानकारी देंगे। जिसे दल द्वारा वेबसाइट में प्रदर्शित किया जाएगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी-3 में रिटर्निंग आफीसर को लिखित में जानकारी देंगे तथा प्रपत्र 26 में शपथ प्रस्तुत देंगे। प्रपत्र 26 के कालम 5 एवं 6 में आपराधिक प्रकरणों कि जानकारी दी जायेगी।

# चौमुखनाथ मंदिर परिसर के नचना कुठारा गांव में 1700 साल पुराना खजाना मिला

मध्य प्रदेश के पन्ना को हीरों, झीलों और मंदिरों का जिला कहा जाता है. यहां सदियों पुराने मंदिर हैं. सदियों पुराने इन मंदिरों में कुछ मौजूद हैं और कुछ जमीन के अंदर दबे हुए हैं। मध्य प्रदेश के पन्ना को हीरों, झीलों और मंदिरों का जिला कहा जाता है. यहां सदियों पुराने मंदिर हैं. सदियों पुराने इन मंदिरों में कुछ मौजूद हैं और कुछ जमीन के अंदर दबे हुए हैं।




पन्ना।

इस गड़े हुए ऐतिहासिक खजाने को बाहर निकालने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने शुरू की है. एएसआई ने नचना कुठारा गांव में चौमुखनाथ मंदिर परिसर में स्थित टीलों की खुदाई की है, उसमें प्रारंभिक चरण में ही जो कुछ मिला है, वह चौंकाने वाला है. इस खुदाई में सबसे प्राचीन मंदिर के अवशेष और शिवलिंग मिला है. जिसके बाद कहा जा रहा है कि यह मंदिर मठ से निर्मित किए गए होंगे. जो पहली से पांचवी सदी के बीच के हो सकते हैं. ASI की खुदाई और भी प्राचीन मंदिर व प्रतिमाएं मिलने की संभावना जताई जा रही है।

### 8 टीलों को किया चिन्हित

जानकारी के अनुसार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के द्वारा पन्ना जिले के नचना कुठारा गांव में स्तिथ पांचवी सदी के प्राचीन मंदिर चौमुखनाथ मंदिर परिसर में 8 टीलों को चिन्हित किया गया था. जिनमें प्राचीन मंदिर और प्रतिमाओं के मिलने की संभावना 4 मार्च से खुदाई का शुरू किया गया है. 15 दिन की खुदाई में दो टीलों की खुदाई हो रही है. जिसमें शिव मंदिर के अवशेष व एक शिवलिंग मिला है.

### बरत रहे सतर्कता

पुरातत्व विदों का मानना है कि जब यहां स्थित पार्वती मंदिर गुप्तकालीन पांचवी सदी के मौजूद है. खुदाई में मिला शिवलिंग व मंदिर के अवशेष देश के सबसे प्राचीन यानी पहली सदी से पांचवी सदी के बीच के हो सकते हैं. हालांकि एएसआई विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में यहां खुदाई का कार्य जारी है. किसी भी प्रकार से शासकीय संपत्ति को हानि न हो उसके लिए ASI पूर्ण रूप सतर्कता बरत रहा है. मजदूरों और हाथ के औजारों से बारीकी से काम किया जा रहा है. खुदाई के दौरान चिन्हित टीलों में धागे का सर्किल बनाया गया है. जहां फोटोग्राफी वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध है. इस कार्य को मुख्य रूप से जबलपुर पुरातत्व विभाग टीम काम कर रही है. नाचना ग्राम पुरातत्व विभाग की दृष्टि से महत्वपूर्ण ग्राम है. यहां स्थित पार्वती मंदिर भारत के सबसे प्राचीनतम मंदिरों में से एक है. जो करीब 1600 वर्ष पुराना पांचवीं सदी का मंदिर है. उसके बाद करीब सातवीं सदी का चौमुख नाथ मंदिर है, जहां भगवान शिव की चौमुखी प्रतिमा विराजित है।

### कलेक्टर ने कहा- मेरी अधिकारियों से बात हुई

पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि नचना ग्राम में स्तिथ चौमुखनाथ मंदिर में ASI के द्वारा खुदाई करवाई जा रही है। ASI के अधिकारियों से मेरी चर्चा हुई है. दूसरी से पांचवी सदी के मंदिर व अवशेष मिलने की वहां संभावना जताई गई है. किसी उद्देश्य में एएसआई के द्वारा वाहन खुदाई का कार्य शुरू किया गया है. उन्होंने हमसे सहयोग मांगा था. जिसको लेकर हमने गुनौर एसडीएम को नोडल अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया है. उम्मीद है कि एएसआई की टीम को वहां प्राचीन मंदिर या स्मारक मिलेंगे.

### जिस मंदिर परिसर में हो रही खुदाई, वो छठी शताब्दी का

गुप्तकालीन पार्वती मंदिर से मात्र 30 मीटर की दूरी पर है. चौमुखी मंदिर के करीब है, जिसे काला चूरी राजवंश (6-7वें भेजे गए) बनाया गया था. यह इतिहास से समृद्ध एक स्थल है, जो खजुराहो से करीब 100 किमी से भी कम दूरी पर है. यहां भारत के सबसे पुराने मंदिर को खोजने के उद्देश्य से यह खुदाई कर रहे हैं. सांची में मंदिर नंबर 17, नचने पार्वती मंदिर, तिगवास विष्णु मंदिर और भूमराज शिव मंदिर. जिला मुख्यालय पन्ना से करीब 60 किलोमीटर दूर है. यहां गुप्त काल से पहले के मंदिरों को खोजने की उम्मीद के साथ ये खुदाई की जा रही हैं।

# स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में नाम निर्देशन प्रक्रिया की दी जानकारी




पन्ना।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई। इस मौके पर उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत गुरूवार से कलेक्टर कार्यालय में अभ्यर्थियों से प्राप्त किए जाने वाले नाम निर्देशन पत्रों से संबंधित प्रक्रिया और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया। इस दौरान नामांकन प्रक्रिया के दौरान जमा की जाने वाली निक्षेप राशि, शपथ पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेजों की जानकारी दी गई। संवीक्षा और नाम वापसी संबंधी प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों द्वारा नाम निर्देशन संबंधी कार्यवाहियों के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया। पुलिस अधीक्षक सांईं कृष्ण एस थोटा ने नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सहित निर्वाचन से संबंधित अन्य विभिन्न जानकारी भी दी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी, डिप्टी कलेक्टर समीक्षा जैन एवं आलोक मार्को, नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एस.पी.एस. परमार, मास्टर ट्रेनर आनंद चौरसिया, निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।

### 11 से 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। नामांकन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही 28 मार्च से नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, संवीक्षा और प्रतीक चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष 4 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्र भरकर जमा कराए जा सकेंगे। 5 अप्रैल को प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी, जबकि 8 अप्रैल तक अभ्यर्थिता से नाम वापस लिया जा सकेगा। 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है। 4 जून को जिला मुख्यालय पर मतगणना होगी।

कलेक्टर कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रवेश व पार्किंग व्यवस्था भी निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी एवं राजनैतिक दल होमगार्ड ग्राउण्ड मार्ग होते हुए संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन मार्ग से नामांकन के लिए प्रवेश करेंगे। अभ्यर्थियों के लिए होमगार्ड ग्राउण्ड में वाहन पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है। इसी तरह वरिष्ठ अधिकारी वाहन सहित होमगार्ड के ग्राउण्ड मार्ग से संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन मार्ग और बायपास से सिविल लाइन पुलिस चौकी के सामने से होते हुए प्रवेश कर सकेंगे। अन्य सभी श्रेणी के शासकीय लोकसेवक वाहन सहित प्रवेश के लिए बायपास से सिविल लाइन पुलिस चौकी के सामने से होते हुए प्रवेश कर सकेंगे। कलेक्टर कार्यालय में कार्यरत सभी लोकसेवकों को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र के आधार पर कलेक्ट्रेट भवन के पश्चिमी मार्ग, जो कि सिविल लाइन चौकी से कलेक्ट्रेट की तरफ आता है, में वाहन सहित प्रवेश की पात्रता रहेगी।

### उम्मीदवार ऑनलाइन जमा कर सकते हैं जमानत राशि

लोकसभा-2024 का चुनाव लड़ने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निक्षेप राशि (जमानत राशि) निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को 25 हजार रूपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपये की निक्षेप राशि जमा करानी होगी। उम्मीदवार नामांकन पत्र के साथ इसे नकद जमा कर सकते हैं। उम्मीदवारों को ऑनलाइन जमानत राशि जमा करने की भी सुविधा दी गई है। उम्मीदवार ई-चालान अथवा साइबर ट्रेजरी पोर्टल से जमानत राशि ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

### नामांकन भरते समय केवल 5 व्यक्तियों की होगी अनुमति

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार लोकसभा निर्वाचन में नामांकन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग आफीसर के कक्ष में उम्मीदवार सहित केवल 5 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उम्मीदवार रिटर्निंग आफीसर कार्यालय से सौ मीटर की परिधि में केवल तीन वाहनों का उपयोग कर सकेंगे। आयोग ने 100 मीटर की परिधि को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया है। अभ्यर्थी तथा 4 अन्य अधिकृत व्यक्तियों को ही नामांकन पत्र दाखिल करते समय इसमें प्रवेश दिया जायेगा। कानून व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को तैनात किया जायेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 33 की उपधारा 6 के अधीन एक ही निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन के लिए किसी अभ्यर्थी द्वारा उसकी ओर से अधिकतम केवल 4 नामांकन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। नामांकन पत्र के साथ निर्धारित निक्षेप राशि तथा घोषणा पत्र दाखिल करना आवश्यक होगा। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के उम्मीदवार के लिए एक प्रस्तावक तथा अन्य दलों एवं निर्दलीय उम्मीदवार के लिए 10 प्रस्तावक आवश्यक होंगे।

### चेकलिस्ट के अनुसार दस्तावेज करने होंगे संलग्न

नामांकन पत्र के लिए प्रारूप 2'ए' निर्धारित किया गया है। इसके भाग एक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के उम्मीदवार नामांकन पत्र भरेंगे। शेष उम्मीदवार भाग दो में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को प्रारूप 26 में शपथ पत्र देना आवश्यक होगा। यह शपथ पत्र शपथ आयुक्त अथवा प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपनी शैक्षणिक योग्यता, आपराधिक प्रकरण, चल-अचल सम्पत्ति, देनदारियाँ, परिवार की चल-अचल सम्पत्ति, नकद राशि, आभूषण, वाहन, बीमा पालिसी, म्यूचुअल फण्ड, शेयर, राष्ट्रीय बचत पत्र आदि का विवरण देना भी आवश्यक होगा। शपथ पत्र में लंबित सम्पत्ति कर, बिजली बिल, जल कर, बैंक ऋण का भी विवरण देना आवश्यक होगा। आयोग के निर्देशों के अनुसार यदि उम्मीदवार उस लोकसभा क्षेत्र का मतदाता नहीं है जिसके लिए उसने नामांकन पत्र दाखिल किया है तो उसे अपना नाम मतदाता सूची में जिस लोकसभा क्षेत्र में शामिल है उसकी प्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। राजनैतिक दलों के उम्मीदवार नामांकन पत्र के साथ प्रारूप क और ख में आवश्यक जानकारियाँ प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार आरक्षित वर्ग का है तो उसे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को जमा की गई जमानत राशि की रसीद अथवा विवरण देना आवश्यक होगा।



# पेड़ पर फंदे में लटकता मिला तेंदुए का शव, दक्षिण वन मंडल में हड़कंप

### डीएफओ, एसडीओ व रेंजर सहित भारी वन अमला मौके पर

**पन्ना।** जिले के दक्षिण वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र पवई के पिपरिया दोन में जंगल से लगे एक खेत की बाड़ में लगे फंदे में लटकते मिले तेंदुए के शव की खबर से हड़कंप मच गया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार तेंदुए के रात में फंसने के बाद सुबह जब लोगों को इसकी जानकारी मिली तो वन विभाग को सूचित किया गया लेकिन जब तक वन अमला रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचा तब तक तेंदुए की दर्दनाक मौत हो चुकी थी और तेंदुए का शव बाड़ में फंदे पर उल्टा लटकता हुआ मिला। सूचना मिलते ही दक्षिण वन मंडल के डीएफओ पुनीत सोनकर ने बताया कि पंचनामा उपरांत शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। मामले की विवेचना जारी है फॉरेस्ट टीम द्वारा फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड टीम के साथ यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह शिकारी के द्वारा शिकार के उद्देश्य से लगाया गया फंदा है या



फिर खेत की बाड़ में लगे तार में तेंदुआ संयोग से फंस गया है। लोगों के द्वारा बताया गया है कि पहले तो वन कर्मियों के द्वारा मामले को छिपाने का प्रयास किया गया और लोगों को फोटो खींचने या वीडियो बनाने से रोका गया लेकिन कुछ ही देर में इसकी सूचना जिले भर के वन्य प्राणी प्रेमी एवं अधिकारी जनप्रतिनिधियों तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंच गई जिससे अब मामले को दबाने की गुंजाइश खत्म हो गई है। अब देखना यह होगा कि विवेचना में क्या सामने आता है।

# ग्राम सुनादर में हुई हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार



**पवई।** बीते 25 मार्च की शाम को पवई थाना के ग्राम सुनादर में ग्राम के ही सिपाही लाल आदिवासी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रकाश आदिवासी की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर फरार हो जाने का मामला सामने आया था, जिस पर पवई पुलिस ने 302 का मामला दर्ज कर हत्या के फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी, पन्ना पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एसडीओपी सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी द्वारा टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर ग्राम के पास एक खेत से आरोपी को गिरफ्तार किया गया, इस संपूर्ण कार्रवाई में अवधेश दुबे ,गणेश सिंह, प्रेम नारायण जितेंद्र गोयल, सुशील ,राहुल अहिरवार, सैनिक पूरन सिंह ,सैनिक राजेंद्र बागरी, मणिराज बागरी व पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# मार्शल आर्ट खिलाड़ी लखनऊ के लिए हुए रवाना

## चार मार्शल आर्ट जु-जित्सु खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया चयन

पन्ना।

फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना एवं जिला जु-जित्सु संघ पन्ना के चार जु-जित्सु मार्शल आर्ट खिलाड़ी पीयूष विश्वकर्मा, अनमोल सेन, अर्थव गौतम एवं दिव्यांश साहू का राष्ट्रीय जु-जित्सु प्रतियोगिता के लिए चयन किया है। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 03 अप्रैल 2024 तक लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित की जा रही है। पीयूष विश्वकर्मा का चयन सीनियर बालिका वर्ग के 56 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ है, अनमोल सेन का चयन 52 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ है, अर्थव गौतम का चयन 36 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ साथ ही दिव्यांश साहू का चयन 42 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ है। चारों खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित 9 वीं राज्य स्तरीय जु-जित्सु प्रतियोगिता भोपाल में स्वर्ण पदक जीता है। जिला जु-जित्सु संघ पन्ना के सचिव इरफान खान ने बताया कि पीयूष, अनमोल, अर्थव ओर दिव्यांश चारों ही बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उन्होंने



अपने दमदार खेल के प्रदर्शन से राष्ट्रीय जु जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया है। उन्होंने कहा कि चारों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2023 के लिए बेहतर तैयारी करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई है। मार्शल आर्ट खिलाड़ियों कि उपलब्धि पर पन्ना के खेलप्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है। जिला जु-जित्सु संघ पन्ना के अध्यक्ष लॉरेंस एट्रेस ने कहा कि सभी खिलाड़ियों की उपलब्धि पन्ना के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अपने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं कोच इरफान खान को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। जु-जित्सु एक मार्शल आर्ट है जो आत्मरक्षा और शारीरिक फिटनेस के लिए जाना जाता है। यह खेल एशियाई खेलों, एशियाई बीच खेलों, एशियाई इंडोर खेलों, वर्ल्ड खेलों, वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स, 38वें राष्ट्रीय खेलों, भारतीय खेल प्राधिकरण जैसे कई ओलंपिक मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शामिल है। विजेन्द्र खरसोदिया अध्यक्ष मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ, रोहणी कलम महासचिव मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ, लॉरेंस एट्रेस अध्यक्ष जिला जु-जित्सु संघ पन्ना, इरफान खान सचिव जिला जु-जित्सु संघ पन्ना, नईम खान संचालक चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना, पहलवान सिंह संरक्षक फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, हर्षिता विश्वकर्मा प्रशिक्षक, सैफ उल्ला संचालक पन्ना हेल्थ क्लब, बलराम सेन, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, ने खिलाड़ियों व कोच इरफान खान को शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### युवा व मातृ शक्तियों ने साई मंदिर में किया रक्तदान



**छतरपुर।** जिनके हौसलों में उड़ान में दम होती है वहीं आसमान की बुलंदियां छूते है और वही करते है। रक्तदान आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने जानकारी दी कि छतरपुर शहर के नव दंपति अपने परिवार के साथ शिर्डी के साईं मंदिर दर्शन को गए थे। वहीं पर मंदिर प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन हो रहा था। यह देखकर वैभव अग्रवाल और उनकी पत्नी पल्लवी गुप्ता ने वहां स्वेक्षिक रक्तदान किया साथ ही उनके रक्तदान से प्रेरित होकर उनकी भनेज बहु रूपल सिंघल जो साथ गई थी ने भी रक्तदान किया। यह नव दंपत्ति वरिष्ठ समाजसेवी हरी अग्रवाल के पुत्र है जो स्वयं अभी तक 160 बार से अधिक रक्तदान कर चुके है। वहीं वैभव अग्रवाल रूपाली गुप्ता और रूपल सिंघल को डा विखे पाटिल मेमोरियल हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज की तरफ से सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

### चंदला को बनाएंगे नगर पालिकाः डॉ. मोहन यादव

**छतरपुर।** अपने उद्बोधन में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंदला विधायक और राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार की मांग पर आज वे यह घोषणा कर रहे हैं कि आचार संहिता हटने के बाद चंदला नगर परिषद को नगर पालिका बनाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने चंदला विधानसभा में एलोपैथी कॉलेज और एग्रीकल्चर कॉलेज शुरु कराने का ऐलान भी मंच से किया। पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश से किसानों को हुए नुकसान को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसान हितैषी रही है और आज भी किसानों के साथ खड़ी हैं। प्राकृतिक आपदा के कारण जिन किसानों को नुकसान हुआ है वे चिंतित न हों, उनके एक-एक रुपए के नुकसान की भरपाई हमारी सरकार करेगी।

### जन्मदिन पर दुर्गेश ने किया प्रसूता के लिए रक्तदान



**छतरपुर।** जन्मदिन पर अच्छे कार्यो की आती है तो रक्तदान कर युवा अपना जन्मदिन मनाना सर्वश्रेष्ठ मानते है। रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता को ऑपरेशन में अत्यधिक ब्लीडिंग हो जाने पर मरीज की अचानक हालत बिगड़ गई और उक्त ब्लड ग्रुप ब्लड बैंक में उपलब्ध नही था। ऐसी इमरजेंसी हालात में जन्मदिन पर पत्रकार दुर्गेश शिवहरे ने तुरंत ब्लड बैंक आकर रक्तदान कर प्रसूता की जान बचाई।

### मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में होली का उत्सव



**छतरपुर।** होली के मौके पर छात्र-छात्राएं एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी और खेलते हुए होली का आनंद उठाया। होली के गीतों के साथ ही छात्रों ने भी खूबसूरत रंगों से एक-दूसरे को रंगा, जिससे उत्सव में और भी ज्यादा रंग भर गया। यहां छात्रों ने खेल-खिलौनों के साथ मस्ती की और एक-दूसरे के साथ गुलाल उड़ाया। साथ ही, सेल्फीज़ में यह खास पल को यादगार बनाने का भी अवसर मिला। इas उत्सव का शुभारंभ मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के एक्सेक्यूटिव डायरेक्टर ईशान पटेल ने किया, जिन्होंने अतिथि के रूप में उपस्थित स्टाफ और छात्रों को बधाई दी।

*पिछले 25 वर्षों से बुंदेली संस्कृति, कलाओं, खान पान, गीत संगीत आदि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुंदेली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है*

# बुंदेली उत्सव में विधायक ने गाया लोक गीत

**छतरपुर।**

बुंदेलखंड के छतरपुर जिले के बसारी गांव में पिछले 25 वर्षों से बुंदेली संस्कृति, कलाओं, खान पान, गीत संगीत आदि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुंदेली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी आयोजन की शुरुवात बुधवार से हुई। दो दिवसीय इस आयोजन में बुंदेली भाषा, साहित्य, कलाओं, लोक गायन आदि में बेहतर कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया तो वहीं रंगारंग कार्यक्रम भी हुए। बुंदेली कार्यक्रमों की प्रस्तुति देख कर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बड़ामलहरा विधायक साध्वी रामसिया भारती खुद को रोक नहीं पाईं और उन्होंने भी मंच से एक लोकगीत गाया। गौरतलब है कि यह आयोजन पूर्व विधायक शंकर प्रताप सिंह द्वारा पिछले 25 वर्षों से वृहद स्तर पर कराया जाता है।

**इनका हुआ सम्मान -** बुंदेली उत्सव के मंच पर साहित्य के क्षेत्र में राव बहादुर सिंह सम्मान बुंदेली कवि राघवेन्द्र उदैनिया को



दिया गया तो वहीं समीक्षा के क्षेत्र में राव बहादुर सिंह सम्मान से डॉ एनआर चौरसिया को सम्मानित किया गया। बुंदेली संस्कृति पर वृहद कार्य हेतु राव बहादुर सिंह सम्मान हटा के डॉ एमएम पाण्डेय को दिया गया। लोक कला और परंपरा के क्षेत्र में दिया जाने वाला लोकविद डॉ नर्मदा प्रसाद गुप्त सम्मान प्रसिद्ध लोकगीत गायक बद्री खरे निरंकार को प्रदान किया गया। बुंदेली उत्सव में वर्षो से अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले वृंदावन रैकवार को गौरिहार नरेश स्मृति सम्मान से नवाजा गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देवेंद्र यादव के निर्देशन में रणप्पा नृत्य की प्रस्तुति बाल कलाकारों ने दी तो वहीं अंशिका सिंह ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। सपना रंगमंच बसारी द्वारा लमटेरा और दादरा, कालीचरण अनुरागी और साथियों ने गारी, बजरंग मंडल के कंदू रैकवार और साथियों ने ढीमरयाई, सुखलाल आदिवासी और टीम द्वारा कहरवा, दादरा, कमल चतुर्वेदी और साथियों ने बिलवारी, मत्थी बाई और सखियों ने गारी और बिलवारी, बेटी बाई और सखियों द्वारा सोहरे और गारी और हिमालय यादव ने काण्डरे की प्रस्तुति दी।

## 30 मार्च को होगा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**छतरपुर**

नगर के प्रसिद्ध एवं प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर पर एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कल्याण धर्मशाला चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से होली का पर्व होने कारण 26 मार्च की जगह 30 मार्च दिन शनिवार को किया जा रहा है। समिति के गिरजा पाटकर ने बताया इस शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जाएगा एवं उन्हें चश्मा और दवा भी वितरित की जाएगी। परीक्षण के उपरांत मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा। मरीज अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ जरूर लेकर आएं।

# अवैध हथियारों के प्रति सख्त हुई छतरपुर पुलिस

छतरपुर। जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव एवं जिले में प्रभावी कानून व्यवस्था को लागू करने की मंशा से पुलिस और आमजनमानस के बीच सामंजस्य बैठाने का प्रयास कर रहे हैं।

**छतरपुर**

इसी क्रम में श्री जैन ने मोबाइल नंबर 7049100430 जारी करते हुए कहा है कि अगर आम जनमानस को अवैध हथियार या अन्य किसी भी अवैधानिक गतिविधि के संबंध में जानकारी हो तो उक्त नंबर पर जानकारी दें, ताकि पुलिस संबंधित के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही कर सके। एसपी अगम जैन ने कहा कि उक्त नंबर



पुलिस अधीक्षक ने जारी किया नंबर सूचना देने पर होगी कार्यवाही

पर सूचना देने वाले व्यक्ति के नाम गोपनीय रखा जाएगा और सूचना मिलते ही कार्यवाही की जाएगी। जारी किए गए नंबर पर ऐसे लोगों की शिकायत भी की जा सकती है जो हथियारों के साथ तस्वीरें खिंचवाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं। ऐसे लोगों की पोस्ट, स्टेटस आदि का स्क्रीनशॉट और जानकारी मोबाइल नंबर 7049100430 पर शेयर करने पर नजदीकी थाना की पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही की जाएगी। एसपी श्री जैन ने कहा कि पुलिस विभाग अपने स्तर पर अपराधों को रोकने का भरसक प्रयास कर रहा है, जिसमें आम जनमानस का सहयोग भी अपेक्षित है।

# क्रॉसिंग के दौरान टैक्सी पलटी, एक की मौत, जांच शुरू

**छतरपुर**

बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में बीती रात क्रॉसिंग के दौरान टैक्सी पलट जाने से एक युवक की मौत हो गई है। मृतक के परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताया है क्योंकि युवक के साथ जो लोग टैक्सी में थे उनसे युवक की बुराई चल रही थी और दुर्घटना में उन्हें चोटें नहीं आई हैं। गुरूवार को पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहां बमीठा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मृतक के चाचा रामकृपाल आदिवासी निवासी ग्राम गढ़ा ने बताया कि उसका 20 वर्षीय भतीजा राधेश्याम पुत्र सुम्मेदा आदिवासी, परिवार के ही जगदीश आदिवासी और सीताराम आदिवासी के साथ टैक्सी में सवार होकर रात करीब 1 बजे मैन रोड से गांव की ओर आ रहा था। टैक्सी में सवार जगदीश आदिवासी के मुताबिक वे तीनों शराब के नशे में थे, टैक्सी राधेश्याम चला रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन से क्रॉसिंग के दौरान टैक्सी पलट गई, जिससे जगदीश और सीताराम दूर जाकर गिरे और राधेश्याम की टैक्सी के नीचे दबने के कारण मौत हो गई। वहीं मृतक के चाचा रामकृपाल के मुताबिक टैक्सी में मृतक के अलावा परिवार के जो अन्य लोग सवार थे उनके साथ पिछले कुछ दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है। उक्त दुर्घटना में अन्य किसी को चोटें नहीं आई हैं, जिस कारण से उन्हें मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घटना के बाद राधेश्याम को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां मौत की पुष्टि होने के बाद गुरूवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया।




# आधुनिक कृषि यंत्र की चपेट में आने से किसान की दर्दनाक मौत

### हाथ कटा, गले में चोट आई, अस्पताल लाते समय दम तोड़ दिया

**छतरपुर**

खजुराहो थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुरवा में गुरूवार की शाम खेत पर एक आधुनिक कृषि यंत्र से फसल काट रहे किसान की मशीन की चपेट में आ जाने के कारण दर्दनाक मौत का मामला सामने आया है। बताया गया है कि घटना के बाद गंभीर अवस्था में घायल किसान को जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में मौत की पुष्टि होने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया और इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लालपुरवा निवासी बालादीन पुत्र कसिया पाल उम्र 36 वर्ष गुरूवार की सुबह करीब 8 बजे अपने खेतों में कटर मशीन से राई की फसल काट रहा था, इसी दौरान उसका हाथ मशीन की चपेट में आकर कट गया, साथ ही झटका लगने से उसके गर्दन में भी चोट आई। बालादीन के परिजन बाबूलाल पाल ने बताया कि घटना के बाद बालादीन की चीख सुनकर वह मौके पर पहुंचा और तुरंत उसे खजुराहो के अस्पताल ले जाया गया। चूंकि बालादीन की हालत गंभीर था इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। एंबुलेंस से बालादीन को जिला अस्पताल लाया जा रहा था तभी गंज के समीप उसने दम तोड़ दिया।

# आगजनी में तबाह हुई दो किसानों की फसल

**छतरपुर**

बिजावर क्षेत्र के ग्राम भरतपुरा में दो किसानों की फसल अज्ञात कारणों से लगी आग की चपेट में आकर खाक हो गई है। उक्त घटना के बाद से दोनों किसानों के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है और उनके द्वारा शासन-प्रशासन से क्षतिपूर्ति किए जाने की मांग की गई है।

ग्राम भरतपुरा निवासी किसान भूरा अहिरवार और कल्लू अहिरवार ने बताया कि उनके खेतों में गेहूं की पकी फसल खड़ी हुई थी। गुरूवार की दोपहर अज्ञात कारणों से उनके खेतों में आग लग गई। आग लगने के बाद तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई और आसपास के लोगों की मदद से किसानों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरु किए। कुछ समय बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक फसल नष्ट हो चुकी थी। आगजनी में दोनों किसानों को भारी नुकसान हुआ है और उनके परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था रिश्वत मांगने का ऑडियो

# भ्रष्टाचार में नपे गौरिहार के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी

**छतरपुर**

पिछले दिनों गौरिहार के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा एक महिला शिक्षिका से रिश्वत मांगे जाने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले को मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद सागर कमिश्नर वीरेन्द्र सिंह रावत ने संज्ञान में लिया और संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर को जांच के निर्देश दिए। जांच में दोष सिद्ध होने पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर द्वारा गौरिहार के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को निलंबित किया गया है।

कमिश्नर कार्यालय सागर से जारी आदेश में उल्लेख है कि सोशल मीडिया पर रिश्वतखोरी के वायरल ऑडियो के प्रकरण की संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर एवं सहायक संचालक, सहायक लेखाधिकारी के संयुक्त दल द्वारा जांच की गई। जांच प्रतिवेदन में सामने आया है कि प्रभारी प्राचार्य शास. उ.मा.वि. गौरीहार एवं प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गौरिहार ऋषि कुमार त्रिपाठी (मूलपद-व्याख्याता) शा.उ.मा.वि. सी.एम. राईज बारीगढ़ जिला छतरपुर द्वारा शिक्षिक कु. रेखा भुरजी का माह अगस्त 2023 से फरवरी 2024 तक का वेतन माह मार्च 2024 में दिया गया। ऋषि कुमार त्रिपाठी द्वारा वेतन भुगतान के एवज में पैसे मांगे गए थे, जिसका ऑडियो है। इसके साथ ही पैसे मांगे जाने संबंधी ऑडियो के वायरल होने के बाद श्री त्रिपाठी द्वारा कॉल डिटेल्स हटाए गए, जो कि मोबाईल परीक्षण करने पर सामने आया है। उक्त गंभीर अनियमितता, स्वेच्छाचारिता,



अनुशासनहीनता एवं पदीय कर्तव्यों के प्रतिकूल होकर मप्र सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन किए जाने के लिए ऋषि कुमार त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नियत किया गया है।

# देश को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में करें मतदानः डॉ. मोहन यादव



मुख्यमंत्री ने चंदला में जनसभा को किया संबोधित, गिनाई भाजपा की उपलब्धियां

**छतरपुर**

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने का आग्रह करने के लिए जनता के बीच पहुंच रहे प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को छतरपुर जिले की खजुराहो लोकसभा अंतर्गत आने वाले चंदला नगर में जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह के समक्ष कांग्रेस की सरकार पर जमकर निशाना साधा और मोदी सरकार द्वारा जनता तथा देश के हित में किए गए कार्यों को बताकर आगामी चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। शाम करीब 5 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खजुराहो लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विष्णुदत्त शर्मा के साथ चंदला की बड़ी फील्ड में बनाए गए हैलीपैड पर उतरे और यहां से कार के माध्यम से चंदला की सब्जी मंडी में बनाए गए सभा स्थल पर पहुंचे। सभा में उपस्थित लोकसभा क्षेत्र के हजारों लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस की सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि राममंदिर के उद्घाटन में जाने से इंकार करने वाले कांग्रेसियों को हमें चुनाव में करारा जवाब देना है। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है जिसने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा शुरु की गई जनहित की योजनाओं को बंद किया था और वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें पूरा कर रहे हैं। सीएम डॉ. यादव ने मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि अगर भारत को विकसित और समृद्ध बनाना है तो आगामी चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताएं। उन्होंने छतरपुर के मेडिकल कॉलेज, केन-बेतवा लिंक परियोजना, खजुराहो पायलट प्रशिक्षण केन्द्र, वंदे भारत ट्रेन सहित अन्य कई उपलब्धियां जनता को बताईं जो भाजपा सरकार में छतरपुर की जनतार को मिली हैं। इस मौके पर चंदला विधायक एवं राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी, विधानसभा अंतर्गत आने वाले 255 बूथ और 4 मंडलों के अध्यक्ष तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भारतीय ज्ञान परंपरा शिक्षा, ज्ञान, विज्ञान और जीवन दर्शन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 1 व 2 अप्रैल को

# एमसीबीयू में विद्वानों के होंगे सार्थक व्याख्यान

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में कुलपति प्रो. शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में 'भारतीय ज्ञान परंपरा शिक्षा, ज्ञान, विज्ञान और जीवन विज्ञान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 1व 2 अप्रैल को किया जा रहा है।इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु प्राध्यापकों की एक आयोजन समिति बना कर उन्हें दायित्व सौंपे गए हैं।

**छतरपुर।**

मीडिया समिति के एनके पटेल एवं डा आरपी अहिरवार ने बताया कि यूनिवर्सिटी के जे सी बोस हाल(न्यू बॉटनी हाल) में संगोष्ठी के पहले दिन 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे से उद्घाटन सत्र प्रो.अविनाश तिवारी, कुलपति जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ होगा, जिसमें मुख्य वक्ता प्रो एडी शर्मा डॉ हरि सिंह गौर विश्ववद्यालय सागर रहेंगे। इस सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. शुभा तिवारी करेंगी।

प्रथम तकनीकि सत्र की अध्यक्षता प्रो एडी शर्मा, डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर करेंगे, इस सत्र में वैश्विक ज्ञान परंपराओं में साहित्यिक और कलात्मक अभिव्यक्ति तुलनात्मक अध्ययन विषय पर वक्ताद्वय प्रो ओमप्रकाश सिंह जेएनयू, दिल्ली तथा प्रो बी आई गुरू, डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर अपना व्याख्यान देंगे। द्वितीय तकनीकि सत्र की अध्यक्षता प्रो बी आई गुरू डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर करेंगे। इस सत्र में 'वैदिक परम्परा और शिक्षा विषय पर वक्ताद्वय प्रो संतोष कुमार शुक्ला जेएनयू दिल्ली तथा डॉ किरण आर्या डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के व्याख्यान के साथ साथ अन्य विद्वान शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

संगोष्ठी के दूसरे दिन 2 अप्रेल को तृतीय तकनीकी सत्र में 'प्राचीन भारत में वैज्ञानिक प्रगति विषय पर वक्ताद्वय प्रो एसएन चौधरी बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल तथा प्रो माया इंगल डीएवीवी इंदौर के व्याख्यान होंगे।

चतुर्थ तकनीकि सत्र में 'जनजातीय ज्ञान और उसका अनुप्रयोग विषय पर वक्तात्रय प्रो रंजू हसीनी साहू, आईजीएनटीयू अमरकंटक, प्रो मनीष मिश्रा सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, रायसेन तथा डॉ मनोहर बी यर्कलवार आईजीएनटीयू अमरकंटक अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो एसएन चौधरी ब रकतुल्ला विश्वविद्यालय करेंगे।

कुलपति प्रो शुभा तिवारी की अध्यक्षता में समापन सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि प्रो राजाराम यादव पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय रहेगें।इस राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन प्रभारी डा ममता बाजपेई को बनाया गया है। डा दुर्गावती सिंह तथा श्रीमती निकिता यादव आयोजन सचिव बनाई गई हैं।इसके अलावा अन्य समितियां भी बनाई गई हैं, जो अपने काम को अंतिम रूप दे रहीं हैं।

## खबर संक्षेप

### अंकसूची के लिए विश्वविद्यालय से संपर्क करें - कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने कहा है कि कई विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अंकसूची प्राप्त न होने से छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र लंबित हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सभी विद्यार्थियों को तीन दिवस में अंकसूची उपलतब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है तथा अंकसूची उपलब्ध न होने से उनका आवेदन लंबित है। ऐसे सभी विद्यार्थी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव से संपर्क कर अपनी अंकसूची प्राप्त करें। अंकसूची अपने कालेज के प्राचार्य के माध्यम से नोडल प्राचार्य को उपलब्ध कराएं जिससे छात्रवृत्ति के आवेदन का सत्यापन कर भुगतान किया जा सके।

### रिपोर्ट भेजने के लिए नोडल अधिकारी तैनात

**रीवा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजने के लिए अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर को लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन एवं मतदान के एक दिन पूर्व निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनीटरिंग कमेटी से प्राप्त सूचनाओं के संबंध में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट देने के लिए तैनात किया गया है। यह रिपोर्ट प्रत्येक दो घंटे में दी जाएगी।

### अवकाश के दिनों में नहीं दाखिल होंगे नामांकन पत्र

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए 28 मार्च से 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि अवकाश के दिनों में नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने की अवधि में 29 मार्च गुड फ्राईडे, 31 मार्च रविवार तथा एक अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश के दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। शेष दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय के कलेक्टर न्यायालय कक्ष में दाखिल किए जा रहे हैं।

### बाइकों में भिड़ंत के बाद लगी आग, युवक झुलसा

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खिरहनी ओवरब्रिज में बुधवार की सुबह दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकों में हुई सीधी भिडंत के बाद एक बाइक में अचानक आग लग गई। घटना में बाइक सवार भी झुलस गया है। हादसे का शिकार हुए दोनों बाइक चालकों को घायल अवस्था में शासकीय जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। बाइक में आग लगने के कारण काफी देर तक ब्रिज के आसपास खलबली मची रही। जानकारी अनुसार दुबे कॉलोनी की तरफ से एक बाइक सवार तेजी से गर्ग चौराहे की तरफ जा रहा था। इसी दौरान घंटाघर की तरफ से आ रहे एक अन्य बाइक सवार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। मोटरसाइकिलों में इतनी जोरदार टक्कर हुई की एक बाइक में आग भभक उठी। देखते ही देखते बाइक आग का गोला बन गई। हादसे में एक बाइक सवार झुलस भी गया है और दोनों ही बाइक सवारों को टक्कर के कारण चोटें आई हैं।

### होली पर्व में उत्पात मचाने वालों को भेजा गया जेल

**कटनी।** होली पर्व के दौरान झिंझरी चौकी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि चार व्यक्ति उत्पात मचा कर सामाजिक शांति को भंग कर रहे हैं एवं होली त्योहार को बेरंग करने में लगे हुए हैं। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को बहुत समझाने का प्रयास किया गया किन्तु वे नहीं माने तथा भारी बवाल करने लगे जिसके पश्चात चारों असामाजिक तत्वों राजीव उर्फ बड्डा चौधरी, लल्लू चौधरी, छुन्ना चौधरी, एवं मुन्ना चौधरी को धारा 151 जाफौ के तहत गिरफ़्तार कर लिया गया। जिन्हें न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है।

## अंकसूची न मिलने से छात्रवृत्ति रूकी तो

# कुल सचिव पर होगी कार्रवाई: कमिश्नर

**छात्रवृत्ति के सभी प्रकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें**

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाता है।






रीवा

किसी की लापरवाही से यदि विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह गया तो दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी। हर पात्र विद्यार्थी से समय पर आवेदन दर्ज कराकर उसे छात्रवृत्ति का लाभ देना हम सबकी जिम्मेदारी है। छात्रवृत्ति के आवेदन के सत्यापन तथा भुगतान के सभी प्रकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। जिन शासकीय और निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने पात्र विद्यार्थियों के आवेदन नहीं कराए हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ावर्ग के प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को छात्रवृत्ति का लाभ अनिवार्य रूप से दें। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि कई नोडल अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद भी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की अंकसूची जारी नहीं की गई है। अंकसूची के अभाव में छात्रवृत्ति के आवेदन अपडेट नहीं हो पा रहे हैं। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव तीन दिवस में सभी विद्यार्थियों को अंकसूची उपलब्ध कराएं। अंकसूची के अभाव में यदि छात्रवृत्ति का 31 मार्च तक भुगतान नहीं होता है तो कुलसचिव के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। छात्रवृत्ति का भुगतान विश्वविद्यालय को करना होगा। कमिश्नर ने टीआरएस कालेज रीवा में छात्रवृत्ति के 109 आवेदन लंबित रहने पर प्राचार्य को कड़ी फटकार लगाई।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि छात्रवृत्ति के सभी नोडल अधिकारी लंबित आवेदन पत्रों का तत्काल सत्यापन कर दें। आवेदन पत्र दर्ज कराने में देरी करने वाले प्राचार्यों पर कार्यवाही प्रस्तावित करें। प्रभारी जिला संयोजक सभी स्वीकृत आवेदनों में तत्काल राशि जारी करा दें। सहायक संचालक पिछड़ावर्ग भी लंबित आवेदनों की शिक्षण संस्थावार सूची बनाकर उनका सत्यापन कराकर भुगतान कराएं। बैठक में बताया गया कि रीवा जिले में स्कूल शिक्षा विभाग में 14 हजार से अधिक विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया गया है। पिछड़ावर्ग छात्रवृत्ति के लिए 7218 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है जिसमे से 4417 को मंजूर कर दिया गया है। संकुल प्राचार्यों द्वारा छात्रवृत्ति के आवेदनों का सत्यापन करके भुगतान किया जा रहा है। बैठक में कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह, प्रभारी जिला संयोजक तथा संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी, प्राचार्य टीआरएस कालेज अर्पिता अवस्थी, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय विभा श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, उपायुक्त डीएस सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव पर लगाया 94500 का जुर्माना





रीवा ।

पुलिस अधीक्षक रीवा के निर्देशन पर होली के त्यौहार को देखते हुए एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात थाना प्रभारी अनिमा शर्मा एवं स्टाफ द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान 09 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाए गये जिस पर ब्रैथ एनालाइज से सभी का मेडिकल कराया गया एवं प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है वाहन न एमपी 17 zc 5516 के वाहन चालक वीरेंद्र द्विवेदी एमपी 17cb 3561 का चालक सच्चिदानंद शुक्ला एमपी 19 nd 8267 का चालक नागेंद्र सिंह एमपी 17cb 3787 का वाहन चालक आदर्श शुक्लाएमपी 17 cz 6336 का चालक लाल यादव एमपी 17 सीसी 5740 का चालक शिवम सिंह परिहार एमपी 17 zd 5776 का चालक विकास साकेत एमपी 17 zf 0889 का चालक वीरेंद्र शुक्ला एमपी 17 कब 6811 का चालक अभिषेक शर्मा कुल 08 चार पहिया वाहन एवं 2 मोटर साइकिल पकड़े गए थे जिन सभी का जुर्माना माननीय सीजीएम न्यायालय द्वारा किया गया है तथा इन सभी के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई थाना यातायात द्वारा पृथक से की जावेगी।

## कांग्रेस की लोस प्रत्याशी ने कई गांवों का किया भ्रमण, मतदाताओं से मुलाकात कर जन समस्याओं की ली जानकारी

रीवा।



कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने आज विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि रीवा की जनता पिछले 10 सालों से केवल घोषणा ही सुनती चली आ रही है। घोषणा के परिपालन में काम कहीं नहीं दिख रहा है। जगह-जगह लोग जानकारियां देते हैं कि केवल आश्वासन देते देते 10 साल सांसद ने बिता दिए, काम कुछ नहीं हुआ है। इन्होंने बताया कि कई जगह जनसंवाद के दौरान लोगों ने मुझसे स्पष्ट रूप से कहा कि हमें ऐसा सांसद नहीं चाहिए जो रीवा का विकास करने के बजाय मीडिया में बने रहने के लिए टॉयलेट साफ करे। इन्होंने कहा कि जनता काफी जागरूक और समझदार हो चुकी है, किसी के लटके झटके में आने वाली नहीं। जिस तरह से उत्साहित लोग कांग्रेस के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं उससे अभी से ही यह लगने लगा है कि जनता को सिर्फ कांग्रेस पर भरोसा है। मैं इस भरोसे को टूटने नहीं दूंगी। आज के जनसंपर्क कार्यक्रम में साथ चल रही पूर्व विधायक विद्यावती पटेल ने कहा कि रीवा के इतिहास में पहली बार किसी बड़े दल ने किसी महिला पर भरोसा जताया है। यह भरोसा कांग्रेस की ओर से आया है और कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण की बात की है। कांग्रेस की रीति और नीति यही रही है कि जो कहा जाए उसे पूरा किया जाए। नीलम मिश्रा भी उसी का उदाहरण है और उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है। इसलिए हम सबको एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करते हुए समर्थन देना है। श्री मती मिश्र ने खैरा , मानिकवार समेत कई गांवो का भ्रमण किया एवं लोगों से मुलाकात कर जन समस्याओं की जानकारी भी ली। इस दौरान क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 की अधिसूचना जारी**

## प्रथम दिवस किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन प्रस्तुत नहीं किया

रीवा !.

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 में लोकसभा सदस्य के निर्वाचन की अधिसूचना 28 मार्च को जारी कर दी गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन दाखिल करने के प्रथम दिवस 28 मार्च को किसी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि नामांकन पत्र 4 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 3 निर्धारित किया गया है। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफीसर अथवा सहायक रिटर्निंग आफीसर वैशाली जैन अथवा सहायक रिटर्निंग आफीसर प्रभाशंकर त्रिपाठी के समक्ष दाखिल कर सकते है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अवधि में सार्वजनिक अवकाशों 29 मार्च गुड फ्राईडे, 31 मार्च रविवार तथा एक अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन की अधिसूचना का निर्धारित स्थलों में प्रकाशन कराने के निर्देश दिए हैं।

## मतदाता जागरूकता अभियान का स्वास्थ्य विभाग ने स्वीप रथ को रवाना कर किया शुभारंभ

रीवा ।



उपरोक्त विषयान्तगत लेख है कि माननीय जिला निर्वाचन अधिकारी जिला रीवा के निर्देशों में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मुख्य एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजीव शुक्ला एवं सिविल सर्जन डा. प्रतिभा मिश्रा ने संयुक्त रूप से जिला अस्पताल कुशाभाउ ठाकरे रीवा में हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया। जिसका मुख्य उद्देश्य सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य विभाग के अन्तगत संचालित स्वास्थ्य संस्थाओ अर्बन पीएचसी, संजीवनी, सीएचसी, सीएच सीएबसी, पीएचसी एसएचसी स्तर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता शुभारंभ रैली में अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी (डा.के.वी. गौतम श्री राघवेन्द्र मिश्रा डीपीएम, dymeio एपीएम, पीएचएम, आशा पर्यवेक्षक आदि उपस्थित थे।

**राजस्व वसूली में तेजी लाने अधिकारियों को दी हिदायत**

# न्यायालयीन मामलों में तत्परता से जवाब प्रस्तुत करने निर्देश





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने समय-सीमा की बैठक में न्यायालयीन मामलों में समय पर जवाब प्रस्तुत करने और विभिन्न आयोगों द्वारा प्रेषित पत्रो का जवाब तत्परता से देने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान लंबित मामलों की जानकारी देने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सी.ई.शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रही। कलेक्टर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-सीमा की बैठक के प्रकरणो से संबंधित मामलों की फाइलें समय पर प्रस्तुत करे। इसके अलावा संबंधित मामलों में यदि विभाग स्तर से कोई कार्रवाई की गई हो तो भी इसकी जानकारी हर हाल में अवगत करवाना सुनिश्चित करें । कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि अंतरराष्ट्रीय बस स्टेण्ड हेतु आवंटित शासकीय भूमि की फेंसिंग करवा कर सुरक्षित कर लें। साथ ही आवंटित जमीन पर नगर निगम की भूमि होने का बोर्ड भी लगा दे।कलेक्टर ने माईनिंग ,शिक्षा, राजस्व, खाद्य विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

### नल जल योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उर्पाजन सहित गर्मियों के मद्देनजर नल-जल योजनाओं की समीक्षा की कलेक्टर श्री प्रसाद ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री के.एस. डामोर को विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समय-सीमा की बैठक में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में सभी एस.डी.एम. डिप्टी कलेक्टर द्वय प्रमोद चतुर्वेदी एंव विवेक गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह,डी.आई.ओ. प्रफुल्ल श्रीवास्तव परियोजना और अधिकारी मृगेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## गांजा तस्कर बना शराब ठेकेदार आबकारी अधिकारी ने दिया मंत्र

**रीवा।** जिला आबकारी अधिकारी ने एक बार फिर से गांजा तस्कर के हाथों शराब दुकान सौंप दी। मजे की बात तो यह है कि आबकारी अधिकारी अपने स्वार्थ के लिए उसके कान में ऐसा मंत्र भरा कि टेंडर डालने के पहले ही अपने चेहरे में मां काली इंटरप्राइजेज का मुखौटा लगा लिया। और शासन के निर्धारित राशि से कम पर नईगढ़ी शराब दुकान समूह पर 9 करोड़ 56 लाख रूपये की बोली लगाकर हथिया लिया। इस बात की खबर जैसे ही आबकारी अमले सहित शराब कारोबारियों के बीच निकल कर सामने आई तो चर्चा का विषय बन गई। चर्चाओं में बताया कि विगत वर्ष गांजा तस्कर सत्येंद्र उर्फ पिंटू साकेत ने चाकघाट शराब दुकान समूह में टेंडर डाला था और दुकान का लाईसेसी भी बन गया था। टेंडर हासिल होते ही कई नामी-गिरामी तस्करों और पूंजीपतियों को पार्टनर बना कर राशि हासिल कर शासन की प्रतिभूति राशि अपने नाम जमा कर दी। दुकान को संचालित हुए चंद दिन ही गुजरे थे कि मा. न्यायालय ने चाकघाट शराब दुकान के लाईसेंसी गांजा तस्कर सत्येंद्र उर्फ पिंटू को गांजा तस्करी में दोषी पाते हुए पांच साल की सजा एवं अर्थदंड से दंडित कर जेल भेज दिया था। लेकिन तस्कर के चहेते आबकारी अधिकारी दो माह तक उसकी दुकान चलने दी और उसके बदले जमकर उनके पार्टनरों सहित लाईसेंसी के करीबियों का शोषण किया। लेकिन मामला मीडिया में उछाल लेने से दुकान ज्यादा दिनो तक नही चल पाई और उसका फिर से टेंडर हुआ। लेकिन उसकी प्रतिभूति राशि आबकारी विभाग में सुरक्षित रखी रही। उसके जेल से छूटने पर जिला आबकारी अधिकारी ने देखा कि जिले की शराब दुकानों में टेंडर डालने के लिए कोई ठेकेदार रूचि नहीं दिखा रहे तो गांजा तस्कर को आफिस बुलाकर कान में मंत्र फूंक दिया। इतना ही नहीं उसकी पिछली जमा प्रतिभूति राशि थमा कर उसके हाथ मजबूत कर दिये। बताया जाता है कि सजाया ता गांजा तस्कर अपने पार्टनरों का पैसा लौटाने के बजाया उक्त राशि से नईगढ़ी शराब दुकान में टेंडर डाल दिया।